हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, मई 10, 2024

11 प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीक को क्लास में लागू करें ...



12 गानों और नृत्य से मां की ममता का वर्णन किया



**खबर संक्षेप**

### सीएम को बताई शहर की समस्याएं

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी ने सीएम नायब सैनी से मुलाकात के दौरान बहादुरगढ़ की समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनहित में नई स्ट्रीट लाइटें शीघ्र लगवाने की मांग की। उन्होंने शहर में अटके पड़े कामों को लेकर भी सीएम को जानकारी दी।

### संदिग्ध हालातों में नवविवाहिता लापता

**बहादुरगढ़।** इलाके की निवासी एक नवविवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता-पता नहीं है। परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। लापता युवती की उम्र करीब 20 साल है। जानकारी के अनुसार, पिछले माह ही उसकी शादी हुई थी। गत चार मई को वह अपने मायके में यहां आई। सात मई की शाम को घर से बाहर निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तमाम संभावित ठिकाने खंगाल डाले लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लगा। वहीं, पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने बाइक चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उससे चोरी शुदा बाइक बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

एंटी व्हीकल थेफ्ट प्रभारी गोवर्धन ने बताया कि मुख्य सिपाही राजीव कुमार की टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बराही फाटक पर नाकाबंदी की।सामने खड़ी पुलिस पार्टी को देखकर युवक मोटरसाइकिल को वापस मोड़ कर भागने लगा, जिसे मौके पर ही काबू कर लिया गया। पूछताछ की गई तो उसकी पहचान मोहित के तौर पर हुई। प्राथमिक जांच में पता चला कि उसने यह मोटरसाइकिल मुंडका से चोरी की है।

# सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रेहड़ी संचालकों ने पुलिसकर्मियों को बताया वर्दीवाला गुंडा

## चनाचाट व अंडे विक्रेता रेहड़ी संचालकों ने पुलिसकर्मियों पर लगाया सामान बिखेरने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आजकल सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसमें चना चाट की रेहड़ी वाले व्यक्ति का सामान बिखरा दिखाई देता है। वीडियो के दौरान जब रेहड़ी संचालक से इस घटना के बारे में पूछा जाता है तो वह जहां इसे पुलिस वालों का रोज का काम बताता है वहीं दूसरा रेहड़ी संचालक उन्हें वर्दी वाले गुंडों की संज्ञा देता नजर आता है। उसके बाद वह अपनी अंडे व आमलेट आदि वाली रेहड़ी तक भी जाता है। उसका सामान भी जहां क्षतिग्रस्त दिखाई देता है वहीं धूप से बचने के लिए रेहड़ी पर लगाया गया बड़ा छाता भी सड़क पर गिरा दिखाई देता है।



झज्जर। वीडियो से लिए स्क्रीनशॉट में रेहड़ी का बिखरा हुआ सामान व सड़क से गुजरती पुलिस की गाड़ी।

- यह मामला दो-चार दिन पुराना और सिलानी गेट क्षेत्र का बताया जा रहा

वायरल वीडियो में रेहड़ी संचालकों द्वारा आरोप लगाया गया है कि उनकी यह दशा एक पुलिसवैन में सवार होकर आए पुलिस कर्मियों द्वारा की गई है।

### पुलिसकर्मियों ने दस दिन पीछे धकेल दिया

पीड़ित रेहड़ी संचालक बार-बार पुलिस वालों के बारे में कहता है कि ये वर्दी वाले गुंडे हैं जो केवल गरीबों के साथ ही गुंडागर्दी कर रहे है। ऐसा तीसरी बार हुआ है जब उसका सामान फेंका गया है। यह मामला सिलानी क्षेत्र का बताया जा रहा है। रेहड़ी संचालकों का कहना रहा कि वे शराब के ठेके के दूसरी तरफ अपनी रेहड़ी लगाते है। वे केवल उन्हीं की रेहड़ियों को नुकसान पहुंचाते हैं जबकि ठेके के साथ भी इस प्रकार की रेहड़ी व चिकन की दुकान है जिनके संचालकों को पुलिसकर्मियों द्वारा कुछ भी नहीं कहा जाता। रेहड़ी संचालक का कहना रहा कि उसकी इतनी कमाई भी नहीं होती जितना उसका नुकसान हुआ है। ऐसे में आरोपी पुलिसकर्मियों ने उसे करीब दस दिन पीछे धकेल दिया है।

### कार्यशैली पर उठाए सवालिया निशान

रेहड़ी संचालकों द्वारा वीडियो के माध्यम से बार-बार इंसाफ की गुहार भी लगाई गई है। हालांकि यह मामला दो-चार दिन पुराना और सिलानी गेट क्षेत्र का बताया जा रहा है। हैरानी की बात यह भी है कि सड़क किनारे रेहड़ी के बिखरे सामान का वीडियो बनाए जाने के दौरान भी एक पुलिस की गाड़ी रोड से गुजरती दिखाई देती है। लोगों की इतनी भीड़ देखने के बाद पुलिस की गाड़ी का न रुकना उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है।

# एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में युवराज ने जीता कांस्य

## कजाकिस्तान में दिखाया मुक्के का दम



झज्जर। एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दौरान युवराज को पुरस्कृत करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कजाकिस्तान में आयोजित एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप अंडर-22 में जिले के गांव भूरावास निवासी खिलाड़ी युवराज ने कांस्य पदक जीत का जिले का नाम रोशन किया। एचडी स्कूल के पूर्व विद्यार्थी युवराज की उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि युवराज बचपन से ही प्रतिभावान बॉक्सर रहा है। उन्होंने कहा कि युवराज के पिता नेतानंद जाखड़ जहां सुबाना के राजकीय स्कूल में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं वहीं उसके ताऊ कैप्टन भगवान सिंह वर्ष 1974 के सातवें एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उसके भाई सुनील जाखड़ व राजेश जाखड़ भी बॉक्सिंग चैंपियन रह चुके हैं। एचडी संस्थान के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- एचडी संस्थान के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# नकाबपोश बदमाशों ने युवक को गोलियां मारकर मौत के घाट उतारा

## वारदात के बाद युवक पैदल ही फरार हो गए, रामलीला मैदान के सामने एक कार्यालय में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार सांय करीब पौने आठ बजे शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब रामलीला मैदान के सामने एक कार्यालय में तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक युवक की एक के बाद एक कई गोलियां मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद युवक पैदल ही मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए शहर थाना प्रभारी सदानंद,एसीपी शमशेर सिंह सहित पुलिस की अन्य टीमें मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। फिंगर एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान राव अनुज के तौर पर की गई है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस आसपास क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बता दें कि राव अनुज ने चेयरमैन पद के लिए चुनाव भी लड़ा था।

- आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज







झज्जर। वारदात स्थल पर मामले की जानकारी लेते हुए एसीपी शमशेर सिंह, सीसीटीवी फुटेज देखते हुए पुलिसकर्मी, वारदात की सूचना मिलने के बाद नागरिक अस्पताल में उमड़ी लोगों की भीड़ व इनसेट में मृतक राव अनुज का फाइल फोटो।

### कुछ ही सेकंड में दिया वारदात को अंजाम

सीसीटीवी फुटेज में तीन युवक पैदल कार्यालय की और जाते हुए दिखाई दे रहे है और कुछ ही सैकंड में वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भागते हुए भी दिखाई दे रहे है। जानकारी अनुसार राव अनुज बिजली नहीं होने के कारण कार्यालय के बाहर अपने साथियों के साथ बैठा हुआ था। कुछ देर बाद लाईट आ गई और कार्यालय के अंदर चला गया। इतने में कुछ युवक आए और हुक्का पीने की बात कहते हुए अंदर आ गए। एकाएक युवकों ने एक के बाद एक कई फायर कर दिए। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम द्वारा मौका मुआयना करने पर कार्यालय के बाहर भी गोलियों के कई खोल पाए गए है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

एसीपी शमशेर सिंह ने बताया कि दिल्ली गेट क्षेत्र में युवक को गोली मारने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौका मुआयना करते हुए मामले की जानकारी ली गई है। मामले से संबंधित साक्ष्य जुटाते हुए नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

# तापमान पहुंचा चालीस पार प्रदूषण से लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार की अपेक्षा वीरवार को तापमान तीन डिग्री अधिक रहा। अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। एक्यूवेदर वेबसाइट के मुताबिक, आगामी तीन-चार दिन तापमान 40 डिग्री के आसपास रहेगा। इसके बाद 15 मई से तापमान में बढ़ोतरी होगी और 45 डिग्री से पार होने की संभावना है। हालांकि 17 मई के बाद फिर से दो-तीन डिग्री नीचे तापमान हो सकता है। वीरवार की सुबह हवा चलने से मौसम जरूर सुहावना था लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ा तो तेज धूप के साथ गर्मी भी बढ़ गई। अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी बढ़ने का असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ा है। दोपहर के वक्त गर्मी खूब परेशान कर रही है। वहीं दूसरी तरफ इलाके की आबोहवा में सुधार देखने को मिल रहा है। बुधवार को जहां औसतन एक्यूआई 212 दर्ज किया गया था तो वीरवार को एक्यूआई 153 रहा।

- गर्मी बढ़ने का असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ा रहा
- वीरवार को एक्यूआई 153 रहा



# पहले मैच में सुमित चूके, विकास का जीत से आगाज

## पेरिस ओलंपिक के लिए इस्तांबुल में वर्ल्ड क्वालीफायर प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पेरिस ओलंपिक के लिए इस्तांबुल में वर्ल्ड क्वालीफायर प्रतियोगिता शुरू हो गई। ओलंपिक टिकट के इस अंतिम अवसर के लिए वीरवार को ग्रीको रोमन शैली के मुकाबले हुए। पहले दिन भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। झज्जर जिले का एक पहलवान पहली ही कुश्ती हार गया, जबकि दूसरे ने अपना मुकाबला जीतकर उम्मीदें कायम रखी हैं।

दरअसल, इस्तांबुल में 9 से 12 मई तक ओलंपिक के वर्ल्ड क्वालीफायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। भारत की ओर से 14 पहलवान खेलने के लिए वहां गए हैं। वीरवार को पहले दिन ग्रीको रोमन के मुकाबले खेले गए। ग्रीको रोमन वर्ग में बहादुरगढ़ के गांव मांडोठी से दो पहलवान सुमित व विकास भी शामिल हैं। प्रतिभाशाली सुमित (60 केजी ग्रीको) का मुकाबला रोमानिया के पहलवान से हुआ, जिसमें सुमित हार गया। वहीं 77 केजी वर्ग में आजमाइश कर रहे मांडोठी के ही विकास दलाल ने अपने पहले मुकाबले में ईटली के पहलवान को 4-0 के अंतर से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही विकास से उम्मीदें बढ़ गई है। परिजनों और साथी पहलवानों का कहना है कि यकीनन विकास अपने सारे मुकाबले जीतकर देश को ओलंपिक कोटा दिलाएगा। वहीं कुश्ती के जानकारों की मानें तो ओलंपिक स्तर पर ग्रीकोरोमन में हमारे पहलवान कम ही जा पाते हैं। लेकिन फिलहाल इस्तांबुल में गए सभी पहलवान बेहद होनहार हैं। बेशक सुमित व कुछ अन्य पहलवान पहले मैच हार गए हों लेकिन उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई है। यदि उनको हराने वाले पहलवान फाइनल में पहुंचते हैं तो इनके लिए पदक जीतने का एक और अवसर रहेगा। बता दें कि ग्रीको रोमन के अलावा फ्री स्टाइल में भी जिले के दीपक पूनिया, अमन सहरावत जैसे पहलवान टूर्नामेंट खेलने गए हैं। दोनों अपने वर्ग के धुरंधर हैं और 11 मई को मैट पर खेलने उतरेंगे। उनसे भी पदक की प्रबल उम्मीदें हैं।



बहादुरगढ़। पहलवान विकास दलाल।

- भारत की ओर से 14 पहलवान खेलने के लिए इस्तांबुल गए हैं

# महिला ने परिचित पर कराया दुष्कर्म का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इलाके की निवासी एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला ने अपने ही एक परिचित पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप कितने सही हैं, ये जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब 25 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पति के चरित्र और व्यवहार से तंग आकर वह अलग रहने लगी। वर्ष 2021 में इंस्टाग्राम पर उसकी जानकारी करनाल के एक व्यक्ति से हुई। बातचीत बढ़ने लगी तो वह 2021 में बहादुरगढ़ आया। यहां बहादुरगढ़ के एक होटल में उसे बुलाया और शादी का भरोसा देकर गलत काम किया। तब से लेकर अब तक वह लगातार झांसा देकर उसका शोषण करता रहा। जब भी मैंने उससे शादी के लिए कहा तो वह टरकाने लगा। फिर मुझे धमकियां देने लगा। आरोपी ने धोखाधड़ी कर उसके साथ गलत काम किया है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शिकायत के आधार पर बहादुरगढ़ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। महिला दो बच्चों की मां है। उसके आरोपों की सच्चाई तो जांच पूर्ण होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस तफ्तीश में जुटी है।

- वर्ष 2021 में इंस्टाग्राम पर उसकी जानकारी करनाल के एक व्यक्ति से हुई थी

**बैठक**

## नप की पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में लगभग 60 कामों के भुगतान पर हुई चर्चा

# करीब सात करोड़ रुपये के भुगतान को पीएसी ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज:बहादुरगढ़

नगर परिषद में वीरवार को हुई पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में करीब 60 कामों के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये के भुगतान को मंजूरी प्रदान की गई है। प्रधान सरोज राठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला, कार्यकारी अभियंता डालचंद, उपप्रधान पालेराम शर्मा, पीएसी सदस्य विशाल गर्ग के साथ ही करीब 16 वार्डों के पार्षद मौजूद रहे।

- बैठक में16 वार्डों के पार्षद मौजूद रहे



बहादुरगढ़। बैठक में विकास कार्यों के भुगतान पर चर्चा करते पार्षद व अन्य।

स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस के लिए द स्वच्छ हरियाणा सहकारी समिति को करीब 36 लाख तथा द रोहिणी सहकारी समिति को करीब 39 लाख रुपए के भुगतान की अनुमति दी गई है। सार्वजनिक शौचालयों की विशेष रिपेयर के लिए साढ़े 10 लाख, वॉल पेंटिंग के लिए करीब 37 लाख, रोड पार्किंग मार्किंग के लिए 12 लाख, कंसलटेंट के लिए करीब 45 लाख, नप कार्यालय में रेनोवेशन के सवा 8 लाख और ट्री गार्ड के 3.80 लाख रुपए के भुगतान को मंजूरी दी गई है। पार्कों की रिपेयर के 15 लाख, जलनिकासी के ट्रैक्टर के लिए 9 लाख, आरसीसी स्लैब के करीब 10 लाख, जलापूर्ति के लिए सवा 13 लाख, अवैध कॉलोनियों के सर्वे के लिए करीब 8 लाख रुपए के भुगतान को मंजूरी दी गई है। पार्कों की रखरखाव के लिए विभिन्न संस्थाओं को करीब साढ़े 82 लाख रुपए के भुगतान की पीएसी द्वारा अनुमति दी गई है।

### इन निर्माण कार्यों के भुगतान को मिली मंजूरी

इसके अलावा वार्ड-1 में गली निर्माण के लिए करीब 16 लाख, वार्ड-2 में गली निर्माण के लिए करीब 12 लाख, वार्ड-2 में रेलवे पार्क के जीर्णोद्धार पर करीब 14 लाख, वार्ड-4 में गलियों के निर्माण पर करीब 25 लाख, वार्ड-5 में गलियों व नालियों के कामों पर करीब 44 लाख, वार्ड-8 में करीब 15 लाख, वार्ड-10 में करीब 12 लाख, वार्ड-11 में करीब साढ़े 58 लाख के कामों, वार्ड-12 में करीब 8 लाख, वार्ड-13 में 10 लाख, वार्ड-16 में पौने 7 लाख, वार्ड-17 में 35 लाख के तीन कामों, वार्ड-19 में साढ़े 13 लाख, वार्ड-20 में 8 लाख, वार्ड-22 में सवा 18 लाख के दो काम, वार्ड-23 में करीब 16 लाख, वार्ड-24 में करीब 6 लाख, वार्ड-27 में करीब साढ़े 7 लाख के भुगतान को मंजूरी दी गई है।

# अच्छेज में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

## पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव अच्छेज में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को उसका शव चौबारे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए पंखे से लटके शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान करीब चौबीस वर्षीय बिरेंद्र सिंह पुत्र मामन सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि बिरेंद्र अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके बडे. भाई व बहन की शादी हो चुकी है जबकि वह अविवाहित था। वह दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। मृतक के पिता के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

**खबर संक्षेप**

### तेजा पहलवान को पुत्र शोक

**बहादुरगढ़।** इनेलो की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके तेजा पहलवान के बेटे संदीप कुमार का निधन हो गया। करीब 40 वर्षीय छह माह पहले ऑस्ट्रेलिया से बहादुरगढ़ लौटे थे। वीरवार सुबह शहर के रामबाग श्मशान घाट में संदीप का अंतिम संस्कार किया गया। शहर के राजनीतिक, सामाजिक व खाप नेताओं ने संदीप कुमार के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।

### पांच नलकूपों से केबल उड़ा ले गए चोर

**कुंड।** क्षेत्र के तीन गांवों में चोरों ने ट्यूबवेल की केबल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। थाना खोल पुलिस को दर्ज शिकायत में ऊंचा गांव के सरपंच जरनेल सिंह ने बताया कि चार वाटर सप्लाई के नलकूप और बूस्टिंग स्टेशन से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। बाद में पता चला कि मंदोला में मनोज व मुनीराज व बोहका में मंजीत की केबल भी चोरी हो गई। पुलिस ने सरपंच की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 4 मई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने छीपटवाड़ा मोहल्ला निवासी मोहनलाल और सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को बाद में पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बव्वा गांव में मंदिर का दानपात्र चोरी

**बव्वा।** गांव के मंदिर से चोर रात के समय दानपात्र चोरी कर ले गए। मंदिर कमेटी के राजेंद्र सिंह ने बताया कि उसके पास पुजारी दिनेश कुमार का फोन आया था। उसने बताया कि मंदिर का दानपात्र चोरी हो गया है। उसमें हजारों रुपये होने का अनुमान है। कमेटी की बैठक करने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। प्रयास सफल नहीं होने के बाद पुलिस ने 1 मई को उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने बालधन कलां निवासी दिनेश को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

### मांढैया गांव से कंपनी कर्मचारी लापता

**रेवाड़ी।** मांढैया गांव से एक कंपनी कर्मचारी कमरे से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में महेंद्रगढ़ के खातीवास निवासी अमरसिंह ने बताया कि उसका बेटा सोमबीर एक कंपनी में कार्यरत है। उसने मांढैया में कमरा किराए पर लिया हुआ है। 3 मई को उसका बेटा कमरे से जाने के बाद वापस नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

---

मातनहेल में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीक को क्लास में लागू करें शिक्षक

■ मौजूदा सत्र में पढ़ाई जाने वाली पाठ्यचर्या पर विस्तार से चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों के साथ मौजूद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

निपुण हरियाणा के अंतर्गत मातनहेल में खंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए चलाया जा रहा चार दिवसीय प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में भागीदारी करने वाले खंड के 130 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान कक्षा चौथी एवं पांचवीं कक्षा की आगामी सत्र की रूपरेखा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में हिन्दी, गणित तथा अंग्रेजी विषय से संबंधित कक्षा चार और पांच के मौजूदा सत्र में पढ़ाई जाने वाली पाठ्यचर्या पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने शिक्षकों से कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान बताई गई विषय वस्तु को कक्षा-कक्ष में लागू करें। जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने अध्यापकों को से कहा कि शिक्षक द्वारा बच्चों के लिए कही गई हर बात बहुत महत्व रखती है इसलिए हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय बाला ने अपने खंड के सभी शिक्षकों की ओर से विश्वास दिलाया कि बच्चों के अधिगम का स्तर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप निश्चित रूप से बेहतर होगा। एससीईआरटी से आए विषय विशेषज्ञ अश्विनी कुमार ने प्रशिक्षण सत्रों का बारीकी से अवलोकन किया तथा अध्यापकों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीक को कक्षा कक्ष में लागू करें। मास्टर ट्रेनर की भूमिका चेतना, मोनिका, विभा, सुधा तथा वेद प्रकाश ने निभाई। इस मौके पर खंड प्रशिक्षण समन्वयक बीआरपी दिनेश तथा तकनीकी समन्वयक नीरज सहित अन्य भी मौजूद रहे

---

# शिविर में 69 युवाओं ने किया रक्तदान



झज्जर। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए समिति सदस्य एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आम जन विकास सेवा समिति, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा वीरवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से छुछकवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स संस्थान बाढ़सा की टीम ने सेवाएं दीं। इस दौरान 69 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पार्षद वीरभान व सरपंच महाबीर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जहां दिल की सेहत में सुधार होता है व किसी दूसरी की जिंदगी भी बचाई जा सकती है। मुख्यातिथियों द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस मौके पर आमजन विकास सेवा समिति अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सुंदरलाल जिदंल, श्यामलाल, शिव नारायण पूनिया,अमित ग्रेवाल, डॉ. समशेर, सुरेंद्र उर्फ काला, डॉ. जयसिंह, संजय पेंटर, गुलशन, संदीप व विशाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# एफएलएन प्रशिक्षण का अंतिम बैच संपन्न

■ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के नवीन एवं रुचिकर गुर सिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




झज्जर। प्रशिक्षण के समापन पर मिले प्रमाण पत्र दिखाते हुए शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय साल्हावास में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों के लिए चलाया जा रहा चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के नवीन एवं रुचिकर गुर सिखाए गए। मास्टर ट्रेनर विनिता वर्मा व पवन कुमार ने बताया कि शिक्षकों को चौथी व पांचवीं कक्षा में एफएलएन कार्ययोजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा हिंदी, अंग्रेजी व गणित की अभ्यास पुस्तिका, शिक्षक संदर्शिका, वार्षिक शैक्षणिक योजना, आंकलन, शिक्षण-अधिगम सामग्री, पुस्तकालय के महत्त्व आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों के समूह बनाकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराकर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाया। सुबाना क्लस्टर के इंचार्ज नेतानंद जाखड़ ने सभी प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखे गए नवाचारों को अपने-अपने विद्यालय में जा कर प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाने तथा खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तुंबाहेड़ी के प्राचार्य डॉक्टर संजीव खत्री, एबीआरसी अनूप रानी, सतपाल, मुकेश पुनिया, बीआरपी विरेंद्र, सुरेंद्र अहलावत व सुनील कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# शिक्षकों को किया विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रेरित

■ अशोक कुमार कादियान ने सभी अध्यापकों व प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। प्रशिक्षण के समापन पर मिले प्रमाण पत्रों के साथ मौजूद शिक्षक।

बेरी खंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोच्छी में चलाया जा रहा चार दिवसीय प्रशिक्षण वीरवार को संपन्न हो गया। हरियाणा मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे इस प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार कादियान ने सभी अध्यापकों तथा प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालय में नामाकंन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को कक्षा चार व पांच की पाठ्यचर्या की रूपरेखा से अवगत करवाया गया। इन कक्षाओं की हिन्दी, अंग्रेजी व गणित की शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिका व पूरे वर्ष होने वाले आंकलन व शिक्षण अधिगम सामग्री इसके साथ-साथ पाठयचर्या की रूपरेखा के शैक्षिक लक्ष्यों, उद्देश्यों तथा दक्षताओं के बारे जानकारी दी गई। जिला संपर्क फाउंडेशन के कार्डिनेटर अमित कुमार ने अंग्रेजी व गणित की पाठ योजना के बारे में जानकारी देते हुए संपर्क टीवी के प्रयोग के लिए डेमो करके दिखाया। इस मौके पर केआरपी की भूमिका पवन, आशा, मोनिका, सरिता, सुनीता, उर्मिला व संगीता ने निभाई।

---

# क्विज में सतलुज सदन रहा प्रथम



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों के साथ स्कूल अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में कक्षा छठी से आठवीं और नौवीं से बारहवीं तक के लिए सामाजिक अध्ययन सप्ताह हुंकार मनाया जा रहा है। इसका समापन सोमवार को होगा। पहले दिन दोनों वर्ग की कक्षाओं के लिए दिलचस्प प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया गया। इसमें उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया। सदन के अनुसार बच्चों का समूह बनाया गया। वीरवार को दूसरे दिन क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। जिसके अंतर्गत छठी से आठवीं के छात्रों में सतलुज सदन ने उच्चतम अंक प्राप्त कर जीत हासिल की। तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। सीनियर्स में वाद विवाद प्रतियोगिता के अंतर्गत रावी और यमुना सदन ने उच्चतम अंक प्राप्त कर फाइनल में जगह बना ली है। स्कूल स्टॉफ ने समझाया कि शिक्षा केवल तथ्यों को सीखना नहीं है, बल्कि दिमाग को सोचने के लिए प्रशिक्षित करना है। सीखने को एक आनंददायक अनुभव बनाने के लिए यह अध्ययन किया जा रहा है।

---

# गीतों व कविताओं के माध्यम से कराया मां की भूमिका से अवगत



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के साथ मौजूद विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एमआर स्मार्ट वर्ल्ड प्री-स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीतों व कविताओं व लघु नाटक के माध्यम से मां की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया। विद्यालय प्रमुख आदर्श मिश्रा ने बताया कि बच्चों के एक सफल भविष्य-निर्माण में मां की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय होती है। उन्होंने अभिभावकों को दिए संदेश में कहा कि वे समय-समय पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहें। इस मौके पर साक्षी, कुसुम, अनूपा, निधि, अनीता, कुमारी रोमा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

### पिछले साल से ज्यादा आई फसल

**बहादुरगढ़।** इस बार इलाके की अनाज मंडियों के प्रति किसानों का रुझान अच्छा रहा। पिछले साल के मुकाबले इस बार गेहूं और सरसों की फसल अधिक आई। दोनों फसल का उठान कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पिछले साल बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में सरसों की 10 हजार 206 क्विंटल फसल आई थी, इस बार अभी तक 17 हजार 618 क्विंटल फसल आ चुकी है। उठान कार्य पूरा है। गेहूं की बात की जाए तो आसौदा-बहादुरगढ़ की मंडियों में पिछली बार 74 हजार 279 क्विंटल गेहूं आया था। इस बार एक लाख एक हजार 25 क्विंटल गेहूं आया। वीरवार को भी पांच किसान 260 क्विंटल फसल लेकर पहुंचे।

---

### यूजी व पीजी परीक्षाओं को लेकर जिलाधीश ने लागू की धारा-144

**झज्जर।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जिले के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर परिधि में धारा 144 के तहत पाबंदियां रहेंगी। इस परिधि में आग्नेय शस्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर कोई भी व्यक्ति नहीं चल सकेगा। आदेशों में कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की सीमा में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षाओं के समय बंद रहेगी।

---

### डीसीपी ने किया राजकीय नेहरू पीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**झज्जर।** वीरवार को डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने राजकीय स्नातकोतर नेहरू महाविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्ट्रॉन्ग रूम में किसी भी बाहरी और अनाधिकृत व्यक्ति के आवागमन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सीसीटीवी एवं सुरक्षा गार्द का निरीक्षण किया और सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ड्यूटी सावधानी पूर्वक व सतर्कता से करें और 24 घंटे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में कर्मचारियों को तैनात रहने के निर्देश दिए।



झज्जर। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन। फोटो :हरिभूमि

---

**भक्ति** — बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में 40वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया

# दुनिया में तेरा है बड़ा नाम, आज मुझे भी तुझसे पड़ गया काम...

■ हनुमान चालीसा व आरती के बाद श्रद्धालुओं के प्रसाद वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाबा प्रसाद गिरी मंदिर परिसर में श्री खेड़ापति रामायण मंडल द्वारा 40वें सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उमाशंकर वशिष्ठ, रजनीश हरित, सुरेंद्र बंसल, सुनील बंसल, ताराचंद, सूबे सिंह हरित द्वारा संगीतमयी सुंदर कांड पाठ का गायन किया। मुकुल शर्मा ने हारे के सहारे आजा, चिंटू सक्सेना ने ये प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी, पूरा है भरोसा हार नही होगी.. रजनीश हरित ने मेरे दरवाजे पर हनुमान का पहरा होता है.. जब जब संकट का मेरे सिर पर पहरा होता है.., उमा शंकर वशिष्ठ ने दुनिया में तेरा है बड़ा नाम, आज मुझे भी तुझसे पड़ गया काम.. भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। हनुमान चालीसा व आरती के बाद श्रद्धालुओं के प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान चिंटू सक्सेना, मुकुल शर्मा, सोनू, प्रवीन, विकास शर्मा, प्रीत, महेश, रूद्राक्ष हरित, जय प्रकाश, ललित सेन, दीपक, सरवन शर्मा, संजय चुघ, विपिन राज एडवोकेट, पंकज शर्मा, दिनेश सोनी, श्रीभगवान शर्मा, बलवंत कौशिक, राकेश गुप्ता, नवीन सैनी, समुंदर, संतरा, राजबाला, आशा रानी, सुनीता, इशिका, कमलेश, गर्वित, पूनम, उमंग खुराना आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



झज्जर। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर में श्रीसुंदरकांड का सामूहिक पाठ करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

---

**सूचना**

मैं, मान सिंह पुत्र श्री रिसाल सिंह निवासी गांव छुड़ानी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र टोनी मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं टोनी से अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। टोनी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का टोनी से कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, जयभगवान पुत्र श्री अमृत सिंह निवासी गांव ईसरहेड़ी तह. बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सतेन्द्र कुमार व पुत्रवधु श्रीमति रिंकू मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, निर्मला देवी पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश निवासी मकान नंबर-26, वार्ड नंबर-31, विकास नगर, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक, पुत्रवधु आशा, पौत्र मोहित व पूर्व मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैंने उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। दीपक, उसकी पत्नी आशा व उनके पुत्र मोहित व पूर्व अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, बबली पत्नी स्व. श्री धर्मपाल निवासी मकान नंबर-521, वार्ड नंबर-1, विकास नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अमित व पुत्रवधु भारती मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैंने उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अमित व उसकी पत्नी भारती अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**NOTICE**

It is for general information that I, Vikash Dahiya S/o Satbir Singh Dahiya R/o H.no.1135 sector -6 Tehsil Bahadurgarh, district Jhajjar (Haryana) declare that in my daughter's (SEERAT) educational documents [class 10 marksheet (Roll.no 17165372)] My name is mentioned as Vikas Dahiya which is wrong. My actual name is Vikash Dahiya. Vikas Dahiya and Vikash Dahiya both are names of one and same person. So the actual name is Vikash Dahiya which may be amended accordingly.

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़।**

**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रेमलता पत्नी रामलाल, विनय पुत्र रामलाल, अनुपमा व रचना पुत्री रामप्रकाश पुत्र रामशरण पुत्र श्री अमिर चंद निवासी जटवाड़ा मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No. 3BB9KEM6, Ward No. 17, कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 43.170 से 60 वर्ग गज करवाने हेतू Online Application No. 0184356819 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BB9KEM6, वार्ड नंबर-17 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपति है, तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BB9KEM6 / 60 वर्ग गज प्रार्थी प्रेमलता पत्नी रामलाल, विनय पुत्र रामलाल, अनुपमा व रचना पुत्री रामप्रकाश पुत्र रामशरण के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, बहादुरगढ़

## खबर संक्षेप

### मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें वोटर

**बेरी।** एआओ रविंद्र मलिक ने कहा कि आमजन को स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने का आहवान कर रही हैं। इसके अलावा जगह-जगह लगी मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, सेल्फी प्वाइंट, स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग्स आदि मतदाताओं को बढ़चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे हैं।

### सभी पोलिंग बूथों पर मिलेगी मूलभूत सुविधाएं

**झज्जर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों पर आगामी 25 मई को मतदान के दिन जिले के सभी पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। गर्मी के मौसम में हीट वेव से बचाव के लिए सभी 797 पोलिंग बूथों पर छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके अलावा मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए पोलिंग बूथ पर कितने मतदाता लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

### त्रिवेणी स्कूल में मनाया मातृ दिवस

# गानों और नृत्य से मां की ममता का वर्णन किया

ग्यारहवीं की निकिता ने कविता के माध्यम से मां के प्यार, त्याग और ममता पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के त्रिवेणी स्कूल में वीरवार को मातृ दिवस मनाया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों व विद्यार्थियों को मातृ दिवस की बधाई देते हुए निदेशिका संगीता वर्मा ने मां के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता के माध्यम से मां की ममता के बारे में बताया। कक्षा दसवीं की कनिष्का ने भाषण के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम का इजहार किया। ग्यारहवीं की निकिता ने कविता के माध्यम से मां के प्यार, त्याग और ममता पर प्रकाश डाला।

बारहवीं के आदित्य ने गीत द्वारा मां के भावों को प्रकट किया। श्याम की बगिया के छोटे बच्चों ने मां के सुंदर कार्ड बनाए। गानों और नृत्य द्वारा मां की ममता का वर्णन किया। ग्यारहवीं की परिक्षिता ने नृत्य के माध्यम से मां के प्रत्येक रूप का सुंदर वर्णन किया। संगीता वर्मा ने कहा कि सभी बच्चों को हमेशा माता पिता की सेवा करनी चाहिए।


**बहादुरगढ़।** मदर्स-डे को लेकर बनाए कार्ड दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## नन्हे, मुन्नों ने मां के प्रति प्रेम दर्शाया




**बहादुरगढ़।** अपनी माताओं संग गतिविधियों में भाग लेते नन्हे-मुन्ने। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल बहादुरगढ़ में मातृ सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें नर्सरी से पांचवी कक्षा के छात्रों तथा उनकी माताओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मात्र प्रेम को दर्शाते हुए काफी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। शिक्षकों ने माताओं को उनके बच्चों सहित मंच पर आमंत्रित किया और काफी मनोरंजन खेलो का आयोजन किया। इन खेलों में माताएं अपने नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ खेलते हुए काफी खुश नजर आई। स्कूल की प्रिंसिपल ललिता ने मातृ दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां साक्षात ईश्वर है। मां की सम्मान कराना हमारा दायित्व है। बच्चों को अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर तमाम स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## बाल विकास स्कूल में मनाया मदर्स डे

**बहादुरगढ़।** शहर के सराय औरंगाबाद स्थित बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने मदर्स डे पर कार्ड मेकिंग, कविता सुनाने तथा कई अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मदर्स डे पर विद्यार्थियों की माताओं का भी सम्मान किया गया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. पूनम चौधरी ने विद्यार्थियों को मदर्स डे का महत्व बताया। बताया कि दुनिया में मां के काम का किसी से मुकाबला नहीं है। फिर भी बच्चे मां के योगदान को भुला देते हैं। मां के योगदान को मनवाने के लिए मदर्स डे की शुरुआत हुई थी।


**बहादुरगढ़।** मदर्स डे पर बनाया फ्रेम दिखाता विद्यार्थी।

### माताओं के प्रति किया प्यार का इजहार

**बहादुरगढ़।** वीरवार को सैनिक पब्लिक स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर कार्ड बनाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने सुन्दर कार्ड बनाए। सभी बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्यार जताते हुए भाषण, कविता तथा डांस प्रस्तुत किए। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने सभी बच्चों के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए मनोबल बढ़ाया।



**बहादुरगढ़।** माताओं के लिए बनाए कार्ड दिखाते नन्हें विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## ग्रीटिंग कार्ड से दिखाई मां के प्यार की झलक

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दूसरी कक्षा से दिव्यांशी, हर्षिता, दीपाली व नौवीं कक्षा की छात्रा नियति ने मेरी मां,मेरा रब गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर मां की प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। सातवीं कक्षा के छात्र भौमिक व नारायण ने संस्कृत श्लोक के माध्यम से जननी व जन्मभूमि को स्वर्ग से भी बढ़कर बताया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाकर मां के प्रति प्यार को दर्शाने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में भावेश, मयंक, दिव्यांशी को प्रथम, पलक को द्वितीय तथा विष्णु व चार्वी को तृतीय स्थान मिला। कनिष्ठ वर्ग मे कंचन को पहला, निशु को दूसरा व अंश व भारती को तीसरा स्थान मिला। वरिष्ठ वर्ग में वैष्णवी प्रथम, रुद्रांश द्वितीय व प्रिंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान व बबीता कादियान ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


**झज्जर।** ग्रीटिंग कार्ड बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# जयंती पर महाराणा प्रताप को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारत विकास परिषद ने शहर के राणा प्रताप स्कूल में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें बेहतर प्रस्तुति देने वाली अनुष्का, शुभम, सोनम, दीपांशु, आरीफ, अंशु, आदित्य, प्रिया, दिव्या, सोनु, आफरीन और मानवी को परिषद की तरफ से भारत को जानो पुस्तिका और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शाखा अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और सुनील बंसल ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। स्कूल मैनेजर आनंद पंवार और जिला समन्वयक सतीश शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने जन्मभूमि की रक्षा करते हुए सर्वस्व बलिदान कर दिया था। भाविप के उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी और जिला सह समन्वयक प्रवीण शर्मा ने उनके जीवन में हमें कठिन परिस्थितयों में हार न मानने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर शिक्षाविद सुनीता पंवार, पूर्व अध्यक्ष हरीश बजाज, उपाध्यक्ष दीपक पंवार, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता और चंचल गर्ग, सचिव नीरज गर्ग, संजय यादव, कपिल मखीजा, अशोक गोयल, राहुल सिंघल आदि उपस्थित रहे।


**बहादुरगढ़।** महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाविप सदस्य व विद्यार्थी।

# देशभर में दलाल गोत्र को दे रहे निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहतक के गांव चिड़ी में 12 मई को होने वाले एक कार्यक्रम का न्यौता देने के लिए दलाल खाप से जुड़े प्रतिनिधि कई दिनों से देश के विभिन्न राज्यों में दलाल वंश के करीब 250 गांवों में जा रहे हैं। कैप्टन मान सिंह दलाल, राजपाल आर्य, पप्पू दलाल, सज्जन दलाल, रणबीर दलाल व सनवीर दलाल आदि उत्तरप्रदेश और राजस्थान में स्थित दलाल वंश के गांवों में निमंत्रण देकर लौटे हैं।

दलाल खाप के प्रवक्ता कैप्टन मान सिंह दलाल ने बताया कि चिड़ी गांव निवासी धर्मपाल दलाल द्वारा 12 मई को अपने जुड़वा बच्चों का दशोटन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश में रहने वाले दलाल गोत्र के सभी लोगों को निमंत्रण भेजा है। वीरवार को पप्पू दलाल के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि दलाल खाप-84 की ओर से भी इस दशोटन कार्यक्रम का निमंत्रण दलाल वंश के गांवों में जाकर दिया जा रहा है। वे राजस्थान, उत्तरप्रदेश व गुजरात आदि में दलाल वंश के गांवों में जाकर निमंत्रण दे रहे हैं। निर्विरोध निर्वाचित हुए गुजरात के सांसद मुकेश दलाल को भी न्यौता दिया गया है। यह भाईचारे का कार्यक्रम है और इसमें शामिल होकर युवाओं को दलाल गोत्र के एतिहासिक गौरव से रूबरू होने का मौका मिलेगा।


**बहादुरगढ़।** पत्रकारों को जानकारी देते कैप्टन मान सिंह दलाल व अन्य।


**बहादुरगढ़।** भगवान परशुराम पर बनाए पोस्टर-स्लोगन दिखाती छात्राएं।

### परशुराम पर पोस्टर व स्लोगन बनाए

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की वाईआरसी स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर व स्लोगन द्वारा भगवान परशुराम को याद किया व उनके द्वारा प्रशस्त किए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान परशुराम को जगत के पालनहार भगवान विष्णु का षष्ठ अवतार माना जाता है। भगवान परशुराम ने ब्राह्मण ऋषि के घर में जन्म लिया था। परशु धारण करने के कारण ही इन्हें परशुराम कहा गया। भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शत्रुओं का नाश, शौर्य में वृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।


**बहादुरगढ़।** महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति सदस्य।

## गुभाना गांव में प्रताप और गोखले को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में महाराणा प्रताप व गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सूबेदार सुरेश कुमार, जयभगवान प्रधान, पहलवान रामकुमार, सुदेश कौशिक, राकेश, किशन, वीरेंद्र, फूल कुमार व भोला आदि मौजूद रहे।

## विधानसभा भंग कर तुरंत राष्ट्रपति शासन लागू कर नए चुनाव कराएं राज्यपाल : दीपेन्द्र हुड्डा

**झज्जर।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बृहस्पतिवार को बादली हलके के गांव बाबरा, डावला, रईया, हसनपुर, कुंजि, शाहजापुर, बिलोचपुरा, भिंडावास, फतेहपुरी, सुरेहती, समसपुर माजरा, कासनी, चांदोल, ढाकला, सुबाना, सरोला, छप्पार, न्योला, जैतपुर, मुबारिकपुर, तुम्बाहेडी, धारोली, जटवाड़ा, बाबेपुर, गिरधरपुर आदि गांवों का सघन दौरा किया और मतदाताओं से वोट अपील की। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में 3 निर्दलीय विधायकों ने भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापस लेकर कांग्रेस को समर्थन दिया है, इससे प्रदेश की मौजूदा बीजेपी सरकार अल्पमत में आ गई है। विधायक कुलदीप वत्स मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बादली, झज्जर, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाइपास बनवाए और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाइपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में 4 मंजूरशुदा बाइपास भी नहीं बनवा पाई बीजेपी सरकार। प्रदेश में कमजोर सरकार के चलते इंटरनेशनल एयरपोर्ट और रेल कोच फैक्ट्री जैसी बड़ी परियोजनाएं हरियाणा से दूसरे प्रदेशों में चली गई। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे। सरकार बनने पर हरियाणा से बदमाशों को बाहर कर अपराधमुक्त व भयमुक्त हरियाणा बनाएंगे।


**झज्जर।** ग्रामीणों से मिलते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


**झज्जर।** बीएलओ की कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह।

## बीएलओ से करें मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित

**झज्जर।** वीरवार को लोकसभा आम चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने संवाद भवन में सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर सुपरवाईजरों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है,चुनावी ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए।

चूंकि सेक्टर सुपरवाईजरों और सेक्टर मजिस्ट्रेट की चुनाव प्रक्रिया में अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि सेक्टर सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में उन बूथों की पहचान करते हुए कारण पता करें कि जहां कम या ज्यादा मतदान हुआ था। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखें जो मतदान को प्रभावित करने के मद्देनजर संदिग्ध हैं। इसकी सूचना एआरओ को दें, मतदान केंद्रों पर अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोटोकोल की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करें।

# कमेटी ने किया छारा कॉलेज का ऑडिट

**बहादुरगढ़।** गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को अकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट संपन्न हुआ। इस ऑडिट की अध्यक्षता एमडीयू के प्रोफेसर डॉ हरीश दुरेजा ने की। इसमें प्रशासनिक एक्सपर्ट के तौर पर वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा, इंडस्ट्रियल एक्सपर्ट के रूप में हरेंद्र मलिक तथा अलमुनाई के तौर पर उज्जवल शामिल हुए। महाविद्यालय की तरफ से प्रिंसिपल तराना नेगी, इंचार्ज डॉ अनीता दलाल, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ संजय देसवाल, देवेंद्र व मोनिका आदि ने ऑडिट टीम का स्वागत किया। इसके उपरांत टीम ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी व लैब आदि सभी हिस्सों का निरीक्षण किया।


**बहादुरगढ़।** ऑडिट करने के लिए छारा कॉलेज पहुंची एमडीयू की टीम। फोटो : हरिभूमि

# आसौदा में मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वीरवार को गांव आसौदा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वीप अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती और सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अति आवश्यक है।

उन्होंने 12वीं कक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। इसके अलावा विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट की ताकत के बारे में जानकारी दी। स्कूली बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाए और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी। कार्यक्रम में डीसीपी मयंक मिश्रा, स्कूल प्राचार्य जगवीर सिंह, राखी रानी, बलराम, सुषमा रानी, मंदीप सिंह, सुरेश कुमार, शशि वर्मा, पवन कुमार, मंजीत सिंह, किरण, विजय लक्ष्मी, शमशेर सिंह, मधु रानी व सुरेश कुमारी आदि उपस्थित थे।



**बहादुरगढ़।** आसौदा के राजकीय स्कूल में कार्यक्रम में उपस्थित डीसी व अन्य।